आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30.09.2026

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमरोहा

पत्र संख्या– 717/2026 जि0वि0से0प्रा0 अमरोहा पी.एल.वी. –विज्ञप्ति दिनांक 12/09/2026

## विज्ञप्ति

माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली नालसा एवं माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अन्तर्गत संचालित कार्य योजना पराविधिक स्वंय सेवक ("Scheme for Para –Legal Volunteers (Revised) & Module for the Orientation – Induction – Refresher Courses for PLV Training") के अनुक्रम में गरीब, निर्धन, असहाय, विकलांग, कामगार मजदूरों व अशिक्षित व्यक्तियो आदि को निःशुल्क कानूनी जानकारी / कानूनी परामर्श, आदि प्रदान किये जाने तथा जिला प्राधिकरण व तहसील विधिक सेवा समितियों द्वारा समय– समय पर आयोजित लीगल लिटरेसी कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर प्रचार प्रसार करने हेतु डी0एल0एस0ए0 जनपद अमरोहा में उक्त कार्ययोजना ( Modalities ) में वर्णित समूह के स्वयं इच्छुक जनपद अमरोहा के ऐसे आवेदकों, जैसे :–

1- Teachers (including retired teacher)
2- Retired Government servants and senior citizens.
3- M.S.W. student and teachers.
4- Aganwadi workers.
5- Doctors/Physician.
6- Students & Law students (till they enroll as lawyers).
7- Member of non-political, service oriented NGOs and Clubs.
8- Member of women Neighbourhood Groups, Maithri Sanghams and other self Help Groups including of marginalized/ vulnerable groups.
9- Educated persions with good behavior, serving long term sentences in prisons.
(PLVs shall be literate, preferably matriculate with a capacity for overall comprehension)
10- Transgender

से जनपद अमरोहा के मुख्यालय व तहसील स्तर पर निम्नानुसार पराविधिक स्वंय सेवक के रूप में चयनित कर नामित करने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है:–

| क0 सं0 | मुख्यालय/तहसील समिति का नाम | पी0एल0वी0 की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | जिला मुख्यालय अमरोहा | 10 |
| 2 | तहसील अमरोहा सदर | 02 |
| 3 | तहसील नौगावॉ सादात | 03 |
| 4 | तहसील हसनपुर | 04 |
| | कुल योग | 19 |

(उक्त पदों की संख्या आवश्यकतानुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती हे।)

1– शैक्षणिक योग्यता: आवेदक का सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण किया हुआ होना चाहिए। अभ्यर्थी को दवनागरी लिपि में हिन्दी लिखने तथा पढ़ने की कुल मिलाकर अच्छी व व्यापक जानकारी होनी चाहिए।
2– आवेदन पत्र: इस पद हेतु अभ्यर्थी को आवेदन पत्र विज्ञपित में दिये गये प्रफोर्मा में प्रस्तुत करना होगा।

3– परीक्षाः आवेदकों को साक्षात्कार मैरिट व अन्य शर्तो के अधीन, कार्यकाल की अवधि एक वर्ष (अधिकतम् 20 कार्य दिवस प्रतिमाह या इससे कम भी हो सकते है), के लिए अस्थायी रूप से चयन किया जायेगा तथा साक्षात्कार में सफल अभ्यर्थी को प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त उन्हे सफल घोषित किया जायेगा। सफल घोषित किये जाने के पश्चात् उन्हे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पहचान पत्र दिया जायेगा। तदनुसार उन्हें कार्य के अनुसार निर्धारित मानदेय (Honarium) दिया जायेगा। परन्तु उक्त कार्यकाल की अवधि से पूर्व भी यदि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस हेतु अनुदान बन्द कर दिये जाता है/ प्रत्येक तीन माह पर किये गये कार्य का मुल्यांकन संतोष जनक नही पाया जाता है तो किसी भी पूर्व नोटिस के बिना भी आपको कार्य मुक्त कर दिया जायेगा। साक्षात्कार हेतु कोई TA/DA देय न होगा।

4– चरित्रः आवेदक द्वारा दो ऐसे प्रतिष्ठि व्यक्तियों के द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो आवेदक के संबंधी न हो। ऐसे चरित्र प्रमाण पत्र छः माह की अवधि से अधिक पुराने नही होने चाहिए।

5– शारीरिक योग्यताः आवेदक को मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होना चाहिए तथा उसमें किसी प्रकार का शारीरिक दोष जो किसी सामान्य सेवाओं के परिपालन में बाधा डलता हो, नही होने चाहिए।

6– आरक्षणः क्योकि पराविधिक स्वयं सेवक को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद नहीं है। अतः पदो का आरक्षण नहीं है, परन्तु स्कीम के अनुरूप सभी वर्गो को प्रतिनिधित्व दिया जायेगा।

7– आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रलेख संलग्न/प्रस्तुत किये जावें:

1– जन्मतिथि प्रमाण पत्र हेतु सैकण्डरी स्कूल परीक्षा की अंकतालिका अथवा प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति।

2– शैक्षणिक योग्यता के पमाण पत्रों की सत्यापित प्रति।

3–जाति प्रमाण पत्र

4– आवेदन पत्र पर हस्ताक्षरयुक्त पासपोर्ट साइज का नवीनतम् फोटो चिपकाए (स्टेपल नही करें)।

5– आवेदक द्वारा जिस तहसील के लिए आवेदन किया जा रहा है तो उस तहसील समिति के क्षेत्राधिकार में आने वाले गावं/शहर का स्थानीय निवासरत होने का सत्यापन के संबंध में आधार कार्ड/राशन कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/मूल निवास या अन्य कोई समकक्ष प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति।

8– किसी प्रकार का कोई मुकदमा लम्बित नही होने का स्व–प्रमाणित शपथ–पत्र।

आवेदन की अंतिम तिथिः आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा पाधिकरण, अमरोहा के कार्यालय में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 30.09.2026 को सायं 04.00 बजे तक (द्वारा डाक व व्यक्तिगत रूप से) ही प्राप्त किये जायेगें। इस तिथि व समय के उपरान्त कोई भी आवेदन पत्रों को स्वीकार नही किया जायेगा। अपूर्ण आवेदन पत्र अथवा वांछित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां अथवा आवश्यक प्रमाण पत्रों के संलग्न न होने पर अथवा अन्य किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया जायेगा एवं उस पर कोई विचार नही किया जायेगा।

दिनांक – 12/09/2026

12/09/2026

(अभिषेक कुमार व्यास)
सचिव पूर्णकालिक
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जनपद–अमरोहा

संलग्नक :– यथोक्त

पत्रांक व दिनांक समांक – प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– मा0 सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ ।

2– मा0जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा ।

3– नजारत अनुभाग –जनपद न्यायालय, परिवार न्यायालय, एमएसीटी, जनपद अमरोहा, कार्यालय जिलाधिकारी अमरोहा, पुलिस अधीक्षक, अमरोहा, बार एसोसिऐशन व जिला बार एसोसिऐशन जनपद न्यायालय, अमरोहा, वाहय न्यायालय एवं तहसील बार एसोसिऐशन जनपद अमरोहा, कार्यालय समस्त तहसील, जनपद अमरोहा, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी अमरोहा व समस्त पंचायतों के कार्यालय आदि को नोटिस वोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु ।

4–वरिष्ठ अधीक्षक, जिला कारागार बिजनौर।

5– कम्प्यूटर अनुभाग को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद व जनपद न्यायालय अमरोहा की वेब साइड पर अपलोड किये जाने हेतु ।

6– जिला सूचनाधिकारी जनपद अमरोहा को विज्ञप्ति मय प्रारूप समस्त समाचार पत्रों व मिडिया में प्रकाशन कराये जाने हेतु ।

7– डी.एल.एस.ए. अमरोहा के नोटिस वोर्ड पर चस्पा हेतु।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमरोहा में
# पैराविधिक स्वयं सेवक (PLVs) की सेवा हेतु आवेदन पत्र
## (अन्तिम तिथि– 30.09.2026 समय 04.00 PM)

स्वःहस्ताक्षरित फोटो

01– आवेदक का नाम – ..........................................................................
02– पिता / पति का नाम – ..........................................................................
03– लिंग – ..........................................................................
04– विवाहित/अविवाहित/विधवा/विदुर / ट्रांसजेंडर, आदिः–..........................................
05– जन्म तिथि – अंकों में.................................शब्दों में ..........................................
06– स्थाई पता – ..........................................................................
..........................................................................
07– पत्राचार पता – ..........................................................................
..........................................................................
08– क्या आप जनपद अमरोहा के मूल निवासी है अथवा नही–..........................................
09– तहसील, ब्लाक, जिला – ..........................................................................
10– पेशा/व्यवसाय– ..........................................................................
11– वर्ग (सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अनु0जाति/जनजाति, E.W.S./D.W./etc.)–..........................
12– शैक्षिक योग्यता – ..........................................................................
..........................................................................

13– अनुभव (यदि कोई हो, तो विवरण दें)..........................................................
14– क्या आप बार काउंसिल में पंजिकृत अधिवक्ता हे या नहीः ..........................................
15– सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी है, तो निम्न विवरण दें। :–
ए–विभाग का नाम(जहॉ से सेवानिवृत हुए) ..........................................
बी–सेवा निवृत दिनांक ..........................................
सी–सेवा निवृत अवधि ..........................................
16– सम्पर्क सूत्र – ..........................................................................
17– किस समूह से ..........................................................................
18– आप अपनी सेवाए कहॉ देना चाहते हैः– मुख्यालय /तहसील का नाम ..........................
19– क्या आपके विरूद्ध कोई आपराधिक मामला विचाराधीन है या नही, इंगित करें। ..................
20– संलग्नक प्रपत्र – .......................................................... (समस्त शैक्षणिक एवं अनुभव प्रपत्र)

मैं ........................................................ घोषणा करता/करती हूँ कि मेरी जानकारी में उपरोक्त विवरण एवं तथ्य सब सच व सही है कुछ भी झूठ नही है, और न ही कुछ छिपाया गया है, यदि कोई विवरण या सूचना असत्य अथवा गलत पाई जाती है, तो इसकी जिम्मेदारी मेरी स्वंय की होगी, और मेरा आवेदन पत्र / नियुक्ति निरस्त कर दी जाये।

दिनांक –

स्थान –

आवेदक के हस्ताक्षर..........................................
नाम ..........................................
पता ..........................................
..........................................